# राजकीय महाविद्यालय चम्बा हिमाचल प्रदेश

Accredited 'B+' By NAAC

# वार्षिक प्रतिवेदन

**2019-2020**

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के शुभावसर पर,

सेवा में प्रस्तुत

# श्री पवन नैय्यर

मानननीय विधायक चम्बा सदर, जिला चम्बा ( हि.प्र )

प्रस्तुति : 9 मार्च 2020

सम्पादकीय

डॉ० ज्योतिन्द्रा ठाकुर

डॉ० संन्तोष कुमार

प्राचार्य

डॉ० शिव दयाल

# वार्षिक प्रतिवेदन

मान्यवर,

राजकीय महाविद्यालय चम्बा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री पवन नैय्यर जी माननीय विधायक चम्बा सदर, उपस्थित अतिथिगण,पत्रकार बन्धु, सहयोगी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियो, आज के इस समारोह के शुभ अवसर पर मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

हम इस समारोह के मुख्यातिथि के अत्यन्त आभारी हैं जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर समारोह में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई है। यह हमारा परम सौभाग्य है कि आज हमारे मध्य एक ऐसे प्रतिष्ठित और विशिष्ट महानुभाव मुख्यातिथि के रूप में विराजमान हैं जो स्वयं कर्मठता,साहस और सफलता के प्रतीक हैं।

माननीय विधायक श्री पवन नैय्यर जी का जन्म 26 जुलाई, 1952 को चम्बा में ही हुआ । आपके पिता एक महान राजनीतिज्ञ तथा सामाजिक कार्यकर्त्ता थे । समाज सेवा आपको विरासत से ही मिली है आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चम्बा से प्राप्त करने के पश्चात् 1976 में इसी महाविद्यालय से सनातक की डिग्री प्राप्त की। आप बैडमिंटन और टेबल टैनिस के कई वर्षों तक विजेता रहे हैं तथा अनेक बार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चम्बा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं आप टेबल टैनिस के अनेक बार जिला अध्यक्ष रह चुके हैं, वर्तमान में भी राज्य टेबल टैनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। आपने अपने रानीतिक जीवन की शुरुवात 1986 में नगर परिषद् का चुनाव जीतने के साथ की इसके बाद आपने इस चुनाव में लगातार जीत हासिल की तथा दो बार वॉईस प्रजिडेंट भी रहे । आपने 2017 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट से विधान सभा चुनाव लड़ा और शानदार जीत हासिल की । आप 2017 से हिमाचल विधान सभा में चम्बा सदर का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं । महोदय आपकी सक्रियता गांव गांव में देखी जा सकती है । आप लोगों की समस्याओं से भली भांति परिचित है तथा उनके समाधान के लिए दिन रात तत्पर रहते हैं, यही कारण है कि आप चम्बा के लोगों के दिलों में बसते हैं ।

इससे पहले कि मैं सत्र 2019–20 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करूँ, मैं आज के समारोह के मुख्य अतिथि का इस मांगलिक अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। आपके द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने आप को सौभाग्यशाली समझेगें। मैं आशा करता हूँ कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी आपसे प्रेरणा लेकर आपके गुणों को अपने व्यक्तित्व में ढालने का प्रयास भी करेंगे।

## महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारियों का विवरण-

## प्राध्यापक वर्ग :-

महाविद्यालय में कार्यरत् प्राध्यापक सुयोग्य, परिश्रमी एवं अपने-अपने क्षेत्र में लब्धप्रतिष्ठ हैं। मैं यहां बड़े हर्ष के साथ आपको बताना चाहता हूँ कि हमारे महाविद्यालय से 2017 -18 में M.A कर चुकी छात्रा कुमारी सुनैना कौशल तथा अर्थशास्त्र विभाग की इन्दु कुमारी ने इसी सत्र में नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की । यह हमारे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण तथा परिश्रमी प्राध्यापकों से ही संभव हो पाया। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित प्राध्यापकों के 47 पद स्वीकृत हैं। जिनमें से 34 पद भरे हुए हैं, इनमें से 22 प्राध्यापक नियमित रूप से, 11 प्राध्यापक अनुबन्ध आधार पर कार्यरत हैं । प्राध्यापक वर्ग के 13 पद रिक्त हैं जिनका विवरण निम्न प्रकार से है:—

अर्थशास्त्र -01, राजनीति शास्त्र-01, भू-विज्ञान-02, भौतिक विज्ञान-01, टूर एंड ट्रैवलज-01, अंग्रेंजी-03, संगीत(वाद्यय)-01, हिंदी 01, भुगोल 01 तथा शारीरिक शिक्षा में 01 पद रिक्त है।

## कार्यालय कर्मचारी वर्ग-

कार्यालय कर्मचारी वर्ग में कार्यालय अधीक्षक सहित 27 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 25 पदों पर कर्मचारी कार्यरत् हैं। इस वर्ग में सहायक पुस्तकायल अध्यक्ष तथा LA का 01-01 पद रिक्त है।

## विद्यार्थी संख्या-

वर्तमान में महाविद्यालय में 4074 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं जिनमें से 1973 छात्र और 2101 छात्राएँ हैं। महाविद्यालय में 786 छात्र-छात्राएं अनुसूचित जाति, 958 छात्र-छात्राएं अनुसूचित जन-जाति, 147 छात्र-छात्राएं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 2183 छात्र-छात्राएं सामान्य वर्ग से सम्बन्धित हैं।

## सत्र 2019-2020 में घोषित परिणाम

CBCS RUSA के अन्तर्गत जो परिणाम 2019-2020 में घोषित हुए, उनमें जिन्होंने प्रथम व द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया, वे इस प्रकार से है-----

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.A. 1st Year | कनिका ठाकुर | 8.27 | 1st in Aggregate |
| | हेम राज | 8.00 | 2nd in Aggregate |
| B.A. 3rd Sem | बन्दना देवी | 8.50 | 1st in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| | नीम राज | 8.41 | 2nd in Aggregate |
| B.A. 4th Sem | आशीष | 8.82 | 1st in Aggregate |
| | पुष्प राज | 8.41 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.A. 6th Sem | लापची शर्मा | 8.82 | 1st in Aggregate |
| | शालु | 8.68 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.Sc. 1st Year | खुशबु बिज | 8.73 | 1st in Aggregate |
| | दिनेश कुमार | 8.50 | 2nd in Aggregate |
| B.Sc. 3rd Sem | सोनिया कुमारी | 8.68 | 1st in Aggregate |
| | शिवानी शर्मा | 8.50 | 2nd in Aggregate |
| B.Sc. 4th Sem | दिक्षा | 8.96 | 1st in Aggregate |
| | प्रियंका | 8.68 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.Sc. 6th Sem | तरुण शर्मा | 9.05 | 1st in Aggregate |
| | वन्दु | 8.55 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.Com 1st Year | मोनिका | 7.91 | 1st in Aggregate |
| | देवेन्द्र कुमार | 7.84 | 2nd in Aggregate |
| B.Com 3rd Sem | देवेश नागपाल | 8.18 | 1st in Aggregate |
| | अंकु | 8.00 | 1st in Aggregate |
| B.Com. 4th Sem | देवेश नागपाल | 8.27 | 2nd in Aggregate |
| | अर्पना | 7.09 | 3rd in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A. | Position |
|---|---|---|---|
| B.Com 6th Sem | अभिनव चौणा | 8.18 | 1st in Aggregate |
| | विजय कुमार | 7.77 | 2nd in Aggregate |

**B.B.A 2019-20 Batch**

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.B.A 1st | इशिता महाजन | 8.00 | 1st in Aggregate |
| | बबिता कुमारी | 7.09 | 2nd in Aggregate |
| B.B.A 2nd | इशिता महाजन | 8.80 | 1st in Aggregate |
| | बबिता कुमारी | 7.64 | 2nd in Aggregate |
| B.B.A 3rd | एशवर्या पांडे | 7.40 | 1st in Aggregate |
| | पल्लवी | 7.10 | 2nd in Aggregate |
| B.B.A 4th | एशवर्या पांडे | 8.30 | 1st in Aggregate |
| | अंकिता ठाकुर | 8.30 | 1st in Aggregate |
| | पल्लवी | 7.90 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.B.A 6th Sem | हिमालया | 8.50 | 1st in Aggregate |
| | रविन्द्र कुमार | 8.38 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.C.A 1st Sem | सौरव | 8.10 | 1st in Aggregate |
| | हरीश कुमार | 7.31 | 2nd in Aggregate |
| B.C.A 3rd Sem | हरीश कुमार | 7.98 | 1st in Aggregate |
| | अंकित वर्मा | 7.40 | 2nd in Aggregate |
| | कनिका शर्मा | 7.40 | 2nd in Aggregate |
| B.C.A 2nd Sem | दिक्षा कुमारी | 8.33 | 1st in Aggregate |
| | देश राज | 8.31 | 2nd in Aggregate |
| B.C.A 4th Sem | काजल | 8.38 | 1st in Aggregate |
| | हरीश कुमार | 8.19 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | C.G.P.A. | Position |
|---|---|---|---|
| B.C.A 5th Sem | प्रणव प्रवेश धिमान | 8.12 | 1st in Aggregate |
| | सोम राज | 7.90 | 2nd in Aggregate |
| B.C.A 6th Sem | सोम राज | 8.42 | 1st in Aggregate |
| | ठाकुर सिंह | 8.04 | 2nd in Aggregate |

| Class | Name | Percentage | Position |
|---|---|---|---|
| P.G.D.C.A 1st Sem | सुरभी | 75.8 | 1st in Aggregate |
| | प्रशांत अत्री | 73-3 | 2st in Aggregate |
| P.G.D.C.A2nd Sem | सुरभी | 79.3 | 1st in Aggregate |
| | प्रशांत अत्री | 76.75 | 2st in Aggregate |

## एम0 ए0 राजनीतिक विज्ञान

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | लाजमा | 1st in Aggregate |
| | रस्मी शर्मा | 2nd in Aggregate |
| | मोनी कुमरी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | रहिन्द्रा कुमारी | 1st in Aggregate |
| | दिक्षा कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | मोनी कुमारी | 1st in Aggregate |
| | लाजमा | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | रहिन्द्रा कुमारी | 1st in Aggregate |
| | दिक्षा कुमारी | 2nd in Aggregate |

# एम0 ए0 हिन्दी

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | कनु प्रिया | 1st in Aggregate |
| | गोनिका कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | सेवति देवी | 1st in Aggregate |
| | अंजली देवीह | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | निशा देवी | 1st in Aggregate |
| | कुनप्रिया | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | हर्षा देवी | 1st in Aggregate |
| | सिमरन कुमारी | 2nd in Aggregate |

# एम0 ए0 अंग्रेजी

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | अक्षय | 1st in Aggregate |
| | अंजू देवी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | सपना | 1st in Aggregate |
| | अंजू कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | अक्षय | 1st in Aggregate |
| | वंदना | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | चन्द्रकांता | 1st in Aggregate |
| | काजल | 2nd in Aggregate |

# एम0 ए0 अर्थशास्त्र

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | निशा | 1st in Aggregate |
| | काजल | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | चिंता | 1st in Aggregate |
| | अचला | 1st in Aggregate |
| | मोनिका | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | निशा | 1st in Aggregate |
| | काजल | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | चिंता देवी | 1st in Aggregate |
| | रविना शर्मा | 2nd in Aggregate |

# एम० ए० इतिहास

| | | |
|---|---|---|
| **M.A. 1st Sem** | आरती देवी | 1st in Aggregate |
| | शीतल कुमारी | 2nd in Aggregate |
| **M.A. 3rd Sem** | कनिका कुमारी | 1st in Aggregate |
| | रोहित कुमार | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | रोहिनी | 1st in Aggregate |
| | दीपक शर्मा | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | तिलक राज | 1st in Aggregate |
| | कनिका कुमारी | 2nd in Aggregate |

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय मूल्यांकन केंन्द्र –

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा इस महाविद्यालय को मूल्यांकन केन्द्र भी बनाया गया है। इसमें हि॰प्र॰ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक स्तर की परीक्षाओं का मूल्यांकन किया जाता है। इस केन्द्र में मई 2019 में प्रथम वर्ष तथा चतुर्थ सत्र की 8777 तथा रिपेयर की 6017 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। दिसम्बर 2018 में प्रथम, तृतीय व पंच्चम सत्र की 12379 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इसमें हमारे महाविद्यालय के प्राध्यापकों के अतिरिक्त बाहरी महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने भी अपनी सेवाएं दी।

## आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा –

छात्रों की योग्यता का मूल्यांकन करने और अध्ययनशीलता को विकसित करने के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का बहुत महत्व है। इसी श्रृंखला में असिस्टैंट प्रो॰ डॉ॰ मनेष वर्मा तथा डॉ॰ हेमन्त पाल की देख– रेख में **Mid Term** परीक्षाएं अक्तूबर 2019 तथा फरवरी 2020 में करवाई गई।

## छात्रवृत्तियाँ –

सरकार द्वारा समय–समय पर विभिन्न वर्गों के छात्रों को छात्रवृतियां प्रदान की जाती है। इसके अन्तर्गत वर्तमान सत्र में **'Post Matric** छात्रवृति योजना' के तहत

अनुसूचित जाति के 13, अनुसुचित जनजाति के 26 तथा आई.आर.डी.पी. के 21 छात्र–छात्राओं को छात्रवृति प्रदान की गई । 'कल्पना चावला छात्रवृति योजना' के अन्तर्गत 41 कन्याओं को छात्रवृति प्रदान की गई ।

## शारीरिक शिक्षा एवं खेल–कूद गतिविधियाँ –

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का निर्माण होता है। लेकिन स्वस्थ शरीर शारीरिक शिक्षा के बिना संभव नही है, वास्तव में शारीरिक शिक्षा आम शिक्षा का वह अनिवार्य अंग है जो शारीरिक क्रियाओं द्वारा मानव के आचार–व्यवहार को सही दिशा देती है। परिणामस्वरूप खेलकूद में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं की स्वास्थ्य वृद्धि के साथ–साथ उनमें निर्भीकता, साहस, शौर्य, आत्म–विश्वास, पारस्परिक मेल–जोल तथा हार को जीत में बदलने की क्षमता पैदा होती है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों में शारीरिक शक्ति, उर्जा सौष्ठवता, लचक, सहनशीलता, लय और गति उत्पन्न करने हेतू महाविद्यालय में एक व्यायामशाला स्थापित की हुई है, जिससे विद्यार्थियों में आदर्श जीवन मूल्यों के प्रति एकाग्र दृष्टि विकसित हो तथा वे पथ भ्रमित न हों।

उपरोक्त विशेषताओं को विद्यार्थियों में उत्पन्न करने के उद्देश्य से वर्ष 2019–2020 के सत्र में महाविद्यालय प्रशासन ने यहाँ पठन–पाठन कर रहे छात्रों को कई अवसर प्रदान किए तथा अनेक होनहार छात्रों ने सह प्राध्यापक प्रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

इसी क्रम में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने फुटबाल ऐथलेटिक्स, भारोतोलन, ताईकंवाडो, चैस, बैडमिंटन आदि खेलों में भाग लेकर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया ।

बी. ए. प्रथम वर्ष की रंजु कुमारी ने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित एथेलेटिकस प्रतियोगिता के दौरान लम्बी कूद (Long Jump) में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया ।

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित भारोतोलन प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के संतोष कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया ।

बी.ए. छठे स्मेस्टर के राहुल कुमार ने राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित

ताईकवांडों प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया ।

महाविद्यालय की वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता 19 तथा 20 फरवरी 2020 को पुलिस मैदान बारगाह (चम्बा) में हुई। इसका उद्‌घाटन चम्बा जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ॰ मोनिका भटुंगुरु ने किया तथा समापन हमारे ही महाविद्यालय के सेवानिवृत सह प्राध्यापिका प्रो. सुनिता महाजन द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कुमारी रंजू देवी को महिला वर्ग तथा वरुण कपूर को पुरुष वर्ग में Best Athlete घोषित किया गया।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ –

सत्र 2019–2020 के दौरान महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय युवा समारोह प्रथम(सृजनात्मकता) वर्ग में प्रो. अविनाश व प्रो. मीनाक्षी जोहल के मार्गदर्शन में भाग लिया। यह समूह राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली, जिला कुल्लु में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में हमारें विद्यार्थियों ने वाद–विवाद, वक्तृत्व कला, पोस्टर बनाओं, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, कोलाज बनाओ, कार्टूनिंग, स्पॉट पेंटिग, मूर्ति कला इत्यादि में सराहनीय प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय के संगीत विभाग के छात्रों ने सहायक प्राध्यापक उज्जवल कटोच के मार्गदर्शन में राजकीय महाविद्यालय सीमा (रोहड़ु) में आयोजित हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय युवा उत्वस समूह 2 में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया तथा समुह गीत, लोक वाद्यवृन्द, गजल, लोकगीत तथा सितार वादन में बेहतरीन प्रदर्शन किया ।

संगीत विभाग के छात्रों ने सहायक प्रो. उज्जवल कटोच तथा सहायक तबला वादक कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ओपन युवा महोत्सव में भाग लिया जिसमें बांसूरी वादन में बंटी तथा सितार वादन में हरीश कुमार नें प्रथम स्थान हासिल किया । लोकवाद्यवृन्द में महाविद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।

मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा कि इसी प्रतिस्पर्धा में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बंटी ने वांसूरी वादन में पूरे हिमाचल में प्रथम स्थान हासिल करके राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे महाविद्यालय तथा चम्बा का नाम रोशन किया।

## इरावती ( वार्षिक पत्रिका )

छात्रों के स्वतन्त्र लेखन की मनोवृति को उद्‌घाटित करने के लिए तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन देने हेतू महाविद्यालय की इरावती पत्रिका का प्रकाशन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इस पत्रिका के सम्पादन मण्डल का विवरण इस प्रकार है:—

संरक्षकः-डॉ॰ शिवदयाल शर्मा

मुख्य सम्पादकः-प्रो॰अविनाश

| अनुभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र सम्पादक |
| --- | --- | --- |
| अंग्रेजी | प्रो. पूर्णिमा शर्मा | प्रताप कटोच |
| हिन्दी | डॉ॰ सन्तोष | राजेन्द्र कुमार |
| संस्कृत | आचार्य रघुवीर शर्मा | अभिलाशा |
| पहाड़ी | श्रीमति पूनम सभरवाल | पम्मी |
| योजना | श्री दिनेश कुमार | मोहम्मद हासिम |
| शारीरिक शिक्षा | श्री प्रवेन्द्र | काजल कुमारी |
| विज्ञान | कुमारी सुमित | दिशा रन्हौत्रा |
| भूगोल | श्रीमति शिवानी ठाकुर | नेहा |
| वाणिज्य | श्रीमति शैली महाजन | टेक चन्द |

## इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ( इकाई चम्बा )

वर्तमान में महाविद्यालय के भौतिक विभाग के सह प्राध्यापक डॉ॰ राकेश राठौर इस केन्द्र के समन्वयक तथा डॉ॰ जय श्री सहायक समन्वयक है। महाविद्यालय में इस केन्द्र की स्थापना 1990 में हुई तथा इस केन्द्र का कोड 1106 है। इस अध्ययन केन्द्र में लगभग 1556 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं।

इस अध्ययन केन्द्र का अपना पुस्तकालय है, जिसमें 700 पुस्तकें हैं तथा इसका अपना परीक्षा केन्द्र है और वर्ष में दो बार जून व दिसम्बर माह में परिक्षाएं करवाई जाती है।

## पुस्तकालय –

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 20843 पुस्तकें हैं। पुस्तकालय में एक पुस्तक बैंक भी है जिससे IRDP परिवार से सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को पुस्तकें आबंटित की जाती है। इस पुस्तक बैंक में 3826 पुस्तकें उपलब्ध है।

महाविद्यालय के पुस्तकालय में लगभग 10 समाचार पत्र तथा 20 सप्ताहिक मासिक पत्रिकाएँ आती है। महाविद्यालय के पुस्तकालय को Computerised भी किया गया है। पुस्तकों की सूची को Soul Software में डालकर पुस्तकालय को इन्टरनैट से भी जोड़ा गया है, जिससे छात्र–छात्राओं को अध्ययन में बहुत लाभ मिल रहा है। पुस्तकालय के सभी कार्य सहायक प्राध्यापिका श्रीमति पूर्णिमा शर्मा तथा कुमारी बबीता की देख–रेख में सम्पन होता है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना -

वर्तमान में महाविद्यालय में पुरुष तथा महिला दो इकाईयां है, जो कि प्रोग्राम ऑफिसर सहायक प्राध्यापक प्रो. आशीष कुमार एवं सहायक प्राध्यापिका प्रो. सुमित की देख–रेख में चलाई जा रही है। सत्र 2019–2020 के लिए 200 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया गया। मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को दो भागों में बांटा जाता है:– नियमित गतिविधियाँ और वार्षिक गतिविधियाँ।

वार्षिक आयोजन के लिए राजकीय महाविद्यालय परिसर चम्बा, गलू गाँव और भटालवां मन्दिर परिसर का चयन किया गाया । सात दिवसीय दिन रात के कैम्प में 100 स्वंय सेवकों ने प्रोग्राम अधिकारी की देख रेख में श्रमदान के साथ–साथ अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यों में भाग लिया । स्वंय सेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई के साथ साथ स्वच्छता रैली का आयोजन करके लोगों को जागरुक किया ।

इस शिविर में पवेन्द्र एवं बबीता को Best Volanteer एवं खेम राज और चीनों देवी को Best Camper घोषित किया गया ।

एक दिवसीय कैम्प का आयोजन वन विभाग के सौजन्य से टी.वी. वार्ड में करवाया गया जिसमें उपायुक्त चम्बा के साथ मिलकर 60 स्वंयसेवियों ने पौधा रोपण किया ।

# नेशनल कैडेट कोर

महाविद्यालय की नेशनल कैडेट कोर इकाई का संचालन सहायक प्राध्यापिका नवेंन्दु बंसल द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है। सत्र 2019–2020 के लिए 54 कैडेट्स चयनित किए गये। इनमें 25 छात्राएं और 29 छात्र है। वर्ष भर में आयोजित की गई इस इकाई की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है–

NCC Unit के द्वारा अगस्त माह में प्रदूषण नियंत्रण, पॉलिथीन पर प्रतिबन्ध, जल सरंक्षण पर जारुकता, वृक्षा रोपण के साथ साथ स्वच्छता पखवाड़ा भी मनाया गया, जिसमें महाविद्यालय परिसर के साथ मंजरी गार्डन में भी सफाई अभियान चलाया गया ।इसके साथ–साथ ''वार्ता और संगोष्ठी'' तथा नशा निवारण पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया ।

यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि मिंजर मेले के दौरान NCC केडिट्स को यातायात व्यवस्था संभालने का अवसर प्राप्त हुआ और उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया ।

22 सितम्बर से 04 अक्तूबर पंजाब में ALC (Advance Leadership Camp) का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय यूनिटस से 2 एन सी सी केडिट्स को चुना गया ।

12 अक्तूबर से 23 अक्तूबर तक बकलोह आर्मी केंट में ATC (Annual Training Camp) 2 HP (1) COY Dalhousie के द्वारा लगाया गया, इसमें हमारे 8 SD केडिट्स ने भाग लिया ।

नवम्बर माह में महाविद्यालय द्वारा एन.सी.सी. सप्ताह मनाया गया जिसमें वाद विवाद प्रतियोगिता, कैंसर जागरुकता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, हाथ धोने की गतिविधियों के साथ–साथ महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण बचाओ पर रैली का भी आयोजन किया गया ।

दिसम्बर में राष्ट्रीय स्तर पर NIC Camp (एक भारत श्रेष्ठ भारत) रोपड़ (पंजाब )में लगाया गया, जिसमें महाविद्यालय के 2 केडिट्स ने भाग लिया ।

फरवरी माह में एन.सी.सी में आयोजित होने वाली बी. और सी. परीक्षा जो क्रमशः धर्मशाला और बिलासपुर में हुई में महाविद्यालय के 20 केडिट्स ने भाग लिया । माउंटेनिरियंग कैम्प के चुनाव के लिए शिमला ग्रुप से 10 केडिट्स का चयन हुआ उनमें से एक केडिट्स महाविद्यालय चम्बा युनिट का अरुण शर्मा भी है ।

## केन्द्रीय छात्र परिषद्

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सत्र 2019–2020 के लिए छात्र परिषद् के नियमानुसार निम्न पदाधिकारी मेरिट के आधार पर चुने गए––

| | | |
|---|---|---|
| मगनदीप सिंह | (बी.वॉक पांचवां सत्र) –––––– | प्रधान |
| सोनिया कुमारी | (बी.एस.सी. पांचवां सत्र)––––– | उपप्रधान |
| लेख राज | (बी.ए. प्रथम वर्ष) –––––– | सचिव |
| नेहा ठाकुर | (बी॰कॉम॰ प्रथम बर्ष ) –––––– | संयुक्त सचिव |

केन्द्रीय छात्र परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह 25 सितंबर को आयोजित किया गया जिसमें निर्वाचित समस्त सदस्यों को प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के सभागार में शपथ दिलवाई गई ।

# अभिभावक-प्राध्यापक संघ

इस संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना तथा छात्र हितों की रक्षा करना हैं। वर्तमान सत्र में संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी है—

| | |
|---|---|
| श्री राजेश कुमार | प्रधान |
| श्री देव राज | उपप्रधान |
| श्री इन्द्र सिंह ठाकुर (Supdt.) | सचिव |
| श्रीमति निर्मला देवी | सह सचिव |
| श्री सुभाष ठाकुर | कोषाध्यक्ष |
| श्री प्रवीन शर्मा | तकनीकी सलाहकार |

## Rover/ Ranger Unit

राजकीय महाविद्यालय चम्बा की Rover Unit और Range Unit अपने संरक्षक राज्य मुख्य आयुक्त और निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हि॰ प्र॰ के निर्देशानुसार कार्य करती है जो भारत स्काउट एवं गाइड़ का रूप है। वर्तमान सत्र में Rover Leader सहायक प्राध्यापक अविनाश तथा Ranger Leader सहायक प्राध्यापिका शैली महाजन के नेतृत्व में 32 छात्र व छात्राएं काम कर रहे हैं।

वर्ष भर में रोवर रेंजर इकाई की निम्नलिखित गतिविधियां रही :—

1. 25 जून 2019 को अंतर्राष्ट्रीय नशाखोरी व अवैध व्यापार दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जिला चम्बा पुलिस उपाधीक्षक श्री रमन शर्मा स्त्रोत व्यकित के रुप में मौजूद रहें ।

2) " एक राष्ट्र—एक चुनाव" विषय पर श्री मुरारी लाल माहेश्वरी समृति अंतर महाविद्यालय वाद—विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उपायुक्त श्री विवेक भाटिया मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे ।

3) 3 नवम्बर से 7 नवम्बर 2019 तक चम्बा चौगान में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय रैली में 14 रोवर और 10 रेंजर ने भाग लिया ।

## Red Ribbon Club

महाविद्यालय चम्बा के Red Ribbon Club नोडल ऑफिसर सहायक प्राध्यापक अविनाश की देख—रेख में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन कर रहा है । इसके अन्तर्गत विश्व एड्स दिवस तथा पोषण माह के उपलक्ष्य पर पोस्टर

बनाओ, नारा लेखन, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसके साथ साथ नेहरु युवा केन्द्र के तत्वाधान में "सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास" विषय पर खण्ड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। इस कडी के अन्तर्गत विद्यार्थियों को समय–समय पर एच॰आई॰वी॰ एड्स तथा रक्तदान संबधित जानकारी प्रदान की गई।

## Self Financing Courses

महाविद्यालय में **B.B.A, B.C.A., P.G.D.C.A.**तीन स्वयंवित्त संचालित **Professional Courses** चलाए जा रहे है। प्रत्येक **Course** में 40 सीटें है। इनमें तीस **Subsidies** और दस **Non Subsidies** है।

| Name of Course | Coordinator |
|---|---|
| B.B.A | प्रो॰ परविन्द्र |
| B.C.A | डॉ॰ हेमन्त पाल |
| P.G.D.C.A | डॉ॰ ज्योतिन्द्रा ठाकुर |

## B.Vocational Courses

- नई पीढ़ी को कुशल बनाने के लिए Bachelor of Vocational Courses, के Nodal officer डॉ॰ महेन्द्र सलारिया की देख–रेख में महाविद्यालय में दो पाठ्यक्रम Retail Management तथा Hospitality & Tourism चलाऐ जा रहे है। इस सत्र में दोनों पाठ्यक्रम में 71–71 छात्र अध्ययनरत् है। दोंनो पाठ्यक्रम दो मुख्य भागों में बंटे हुए है एक भाग को General component तथा दूसरे भाग को Skill component कहते है। General component 40% है जबकि Skill component 60% है। फरवरी 2017 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने महाविद्यालयों में B.VoC. की शुरुआत की है।

# अन्य गतिविधियाँ

- वर्ष भर में महाविद्यालय में समय समय में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया । जो निम्न है :–

1. 17 जुलाई 2019 को प्रोबेशनर आई.ए.एस. श्री सौरभ जस्सल द्वारा विद्यार्थियों के साथ एक सम्वादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के

दौरान श्री जस्सल ने विद्यार्थियों को एच.ए.एस, आई.ए.एस., अलाइड सेवाओं व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों सम्बंधित जानकारी प्रदान की।

2. 14 अगस्त 2019 को महाविद्यालय में अखंड भारत दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ शिव दयाल जी प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय स्त्रोत व्यक्ति व मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे।

3. 26 अगस्त 2019 को श्री विवेक भाटिया, माननीय जिलाधीश चम्बा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को साफ सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, ठोस कचरा प्रबन्धन इत्यादि विषयों पर जागरुक किया ।

4. 29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरु किये गयी महत्वकांक्षी परियोजना ''फिट इण्डिया अभियान'' का सीधा प्रसारण किया गया ।

5. राष्ट्रभाषा हिन्दी के मान–समान को बनाऐं रखने के लिए हमारे महाविद्यालय का हिन्दी विभाग हर वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस का आयोजन करता है। इस श्रृंखला के अर्न्तगत 14 सितम्बर 2018 को हिन्दी दिवस अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमे प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर केन्द्रीय विश्व विद्यालय के कुलपति कुलदीप चन्द अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे।

6. 01 अक्तूबर 2019 को जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वाधान में कवि सम्मेलन व गजल गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

7. महाविद्यालय के विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महाश्रमदान करते हुए गांधी गेट से लेकर एस. पी. निवास से होते हुए पुराने बस स्टैंड तक साफ सफाई की गई ।

8. 17 अक्तूबर 2019 को जिला प्राकृतिक आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के द्वारा विभिन्न आपदाओं सम्बन्धित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया ।

10. 15 अक्तूबर 2019 को रोजगार विभाग के तत्वाधान से जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन महाविद्यालय में किया गया ।

11 . 11 नवम्बर 2019 को ''चाईल्ड लाईन से दोस्ती'' कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया । जिसमें चाईल्ड हेल्पलाईन के जिला संयोजक कपिल शर्मा व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक किया ।

12 2 दिसम्बर 2019 को भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा के दौरान माननीय जिलाधीश श्री विवेक भाटिया जी, ए.डी.सी. चम्बा श्री मुकेश रेपसवाल तथा एस.डी. एम. चम्बा श्री शिवम प्रताप सिंह पैनलिस्ट के रुप में मौजूद रहे ।

13 24 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान गणित का इतिहास व इसके उद्‌गम विषय पर प्रश्नोत्तरी, भाषण व मैथेमेटिकल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## –व्यक्तिगत उपलब्धियाँ –

समाज शास्त्र विभाग के सह प्राध्यापक डॉ महेन्द्र सलारिया को इसी सत्र में नोर्थ वेस्ट इंडियन सोशियोलोजिकल सोसाईटी के सचिव पद से नवाजा गया । इन्होंने पंजाब विश्व विद्यालय चण्डीगढ़ में NWISA की कन्फ्रैन्स का सफल आयोजन करवाया। डॉ सलारिया ने ICSSR द्वारा वित्त पोषित SSHP की पहली राष्ट्रीय संगोष्टी का दो दिवसीय आयोजन इसी महाविद्यालय में करवाया । इसी सत्र में इन्होंने सात राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सत्र की अध्यक्षता के साथ साथ शोध पत्र भी पढ़े । डॉ सलारिया ने इसी सत्र में समाज शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए 8 पुस्तुकों का प्रकाशन हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यमों में किया । डॉ सलारिया को ब्राजील में अन्तर्राष्ट्रीय समाजशास्त्र द्वारा आयोजित सम्मेलन में एक सत्र की अध्यक्षता का निमंत्रण पत्र भी प्राप्त हुआ है । इन्होने कोल्हापुर विश्व विद्यालय में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यवक्ता की भूमिका भी निभाई ।

भौतिक विभाग के सहायक प्रधायपक डॉ हेमन्त पाल ने 10 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2019 तक गुरुनानक देव विश्व विद्यालय अमृतसर में पुन्श्चर्या पाठ्‌यक्रम (Refresher Course) में भाग लिया ।डॉ पाल ने बिलासपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश चिल्ड्रन कांग्रेस में परामर्श दाता (Mentor) की भूमिका निभाई । इन्होने हिप्पा में 6 दिन तक मास्टर ट्रेनर जनगणना 2021 के रुप में प्रशिक्षण हासिल किया ।

प्राणी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ मनेष वर्मा ने जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के HRDC केन्द्र से 2 सप्ताह का ई. लर्निंग, ई. गवर्नेंस विषय में **Refresher Course** किया ।

वनस्पति विभाग की सहायक प्रध्यापिका श्रीमती पूनम सबरवाल ने इसी सत्र में विद्या वाचस्पति की उपाधि हेतू अपना शोध प्रबन्ध जमा किया ।

अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रध्यापिका पूर्णिमा शर्मा तथा वनस्पति विभाग की प्रध्यापिका सुमित ने 2 अक्तूबर से 4 नवम्बर तक जम्मु विश्वविद्यालय में आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया ।

प्राणी विभाग के सहायक प्रध्यापक श्री अविनाश ने गुरुनानक देव विश्व विद्यालय में 14 दिवसीय Refresher Course में भाग लिया । इन्होने नेहरु यूवा केन्द्र द्वारा आयोजित भिन्न भिन्न कार्यक्रमों में मुख्यवक्ता तथा निर्णायक की भूमिका निभाई । प्रो. अविनाश ने बाल विकास परियोजना विभाग तथा उच्च विद्यालय पक्का टाला में स्त्रोत्र व्यक्ति के रुप में व्याख्यान दिये । इन्होने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां तथा उदयपुर में बच्चों को समाजिक कुरितियों के विषय में व्याख्यान दिया।

वाणिज्य विभाग की शैली महाजन ने इसी सत्र में विद्या वाचस्पति की उपाधि के लिए शोधप्रबन्ध जमा किया । प्रो. शैली तथा डॉ चमन ने 13 नवम्बर से 3 दिसम्बर 2019 तक गुरुनानक देव विश्वविद्यालय में आयोजित ओरियन्टेशन कार्यक्रम में भाग लिया ।

राजनीति शास्त्र विभाग की सहायक प्रध्यापिका मीनाक्षी जोहल ने जवाहर लाल नेहरु महाविद्यालय हरिपुर मनाली में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्टी में शोधपत्र प्रस्तुत किया । इन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर ''मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य'' विषय पर व्याख्यान दिया ।

हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रशांत रमन रवि ने मिंजर मेला 2019 की प्रकाशित होने वाली मिजंर समारिका के मुख्य संपादक की भूमिका निभाई । इन्होंने शिमला में गजल–संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में मुख्वक्ता के रुप में व्याख्यान दिया । प्रो. प्रशांत ने नेहरु युवा केन्द्र द्वारा आयोजित भिन्न भिन्न कार्यक्रमों में मुख्यवक्ता तथा निर्णायक की भूमिका भी निभाई ।

शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका परिणीता कुमारी ने इसी सत्र में एम.एड. के एक विद्यार्थी को निर्देशित किया ।

भूगोल विभाग की सहायक प्रध्यापिका शिवानी ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय नदौन तथा देहरी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी में शोध प्रत्र प्रस्तुत किये ।

एच.जी.सी.टी.ए. द्वारा आयोजित ''उच्च शिक्षा के समक्ष चुनौतियां '' नामक विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी में हमारे महाविद्यालय से डॉ मनेश वर्मा प्रो. केहर सिंह तथा डॉ अजय ने अपने शोध प्रत्र प्रस्तुत किये।

SSHP द्वारा 1 और 2 नवम्बर को महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी में महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापकों प्रो. पूनम सबरवाल, प्रो. केहर सिंह, डॉ अजय, डॉ संतोष, प्रो. आशीष कुमार, प्रो. शिवानी ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये । वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के चार सहायक प्रध्यापकों प्रो. परविन्दर, डॉ मनेश, प्रो. पूर्णिमा तथा प्रो. अविनाश ने विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की ।

## सत्र 2019-20 में महाविद्यालय में किए गए विकास कार्यों का संक्षिप्त विवरण-

1. राजकीय महाविद्यालय के छात्रावास परिसर में छात्रावास अधीक्षक के लिए RUSA ग्रांट से आवास का निर्माण PWD विभाग से करवाया गया है ।
2. विद्यार्थियों के लिए कॉलेज परिसर में बॉस्केट बॉल कोर्ट बनवाया गया है
3. महाविद्यालय की चहार दिवारी का काम पूरा होने के लिए अंतिम चरण में हैं ।
4. महाविद्यालय में PG ब्लाक के नये भवन का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के कर कमलों द्वारा हुआ था जिसका कार्य प्रगति पर है ।
5. महाविद्यालय के पूरे परिसर को CCTV कैमरों की निगरानी में रखा जाये इसके लिए महाविद्यालय में 64 CCTV कैमरे लगवाये गये।
6. हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 32 मेधावी छात्र व छात्राओं को लैपटॉप उपलब्ध करवाये गये हैं जिसका वितरण आपके कर कमलों द्वारा किया जा रहा है ।
7. छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास में रुसा ग्रांट से सोलर पैनल लगवाया गया है ।

## हमारी कुछ मांगे-

- अन्त में मैं आज के मुख्यातिथि महोदय के ध्यानार्थ कुछ समस्याओं को लाना चाहता हूं जो हमारे लिए बेहद गंभीर हैं।

महोदय यह महाविद्यालय दो परिसरों में चल रहा है, PG ब्लॉक का कार्य प्रगति पर है जिसके लिए धन राशि की कमी है इसके लिए CSR, NHPC, के माध्यम से राशि स्वीकृत करवाकर इस कमी को पूरा करने की कृपा करें ।

2. खेल के मैदान के बिना महाविद्यालय अधूरा है इसके लिए महाविद्यालय परिसर के आसपास भूमि उपलब्ध करवाकर हमें कृतार्थ करें ।

3. अखण्ड चण्डी पैलेस में पुराने महाविद्यालय की कैंटीन वाला भवन जरजर होकर गिर चुका है उसका जीर्णोद्धार करवाने की कृपा करें ।

4. इसी भवन के रख रखाव व छत की पेन्ट के लिए कुछ राशि उपलब्ध करवाकर हमें कृतार्थ करें क्योंकि यह भवन पूरे शहर की सुन्दरता का भी प्रतीक है ।

5. सबसे गंभीर समस्या इस महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के 13 पद रिक्त चल रहें हैं जिससे महाविद्यालय में पढ़ रहे 4000 से अधिक विद्यार्थियों पर प्रभाव पड़ रहा है । महोदय इस समस्या का निदान करवाने की कृपा करें ।

इसके लिए हम आपके धन्यवादी रहेंगे ।

6 महोदय जो भी समस्याऐं या मांग हम आपके सामनें रखते है उसे सुलझाने में आप हमेशा तत्पर रहते हैं, महाविद्यालय को यह ज्ञात है कि माननीय मुख्यतिथि महोदय हमारी उपरोक्त समस्याओं का समाधान करने में पूर्ण रुप से सक्षम है। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप हमारी इन सभी समस्याओं का निदान करके हमें व इस महाविद्यालय को कृतार्थ करेंगे।

अंत में मैं महाविद्यालय के विद्यार्थीगण, प्राध्यापक वर्ग व गैर प्राध्यापक वर्ग के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने पूरे सत्र में इस महाविद्यालय के सुचारू संचालन में पूर्ण सहयोग दिया। मैं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, परिवहन एवं संचार विभाग सहित समस्त विभागों का हार्दिक धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस महाविद्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप यथासंभव पूर्ण सहयोग दिया। समाचारपत्रों के समस्त संवाददाताओं के प्रति भी आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने समय–समय पर महाविद्यालय की गतिविधियों में रूचि लेकर अमूल्य सहयोग दिया। मैं अभिभावक–प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार एवं अन्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद करता हूं जिन्होंने पूरे सत्र में समय–समय पर अपना सहयोग दिया।

मैं पुनः माननीय मुख्यातिथि महोदय का हार्दिक अभिनन्दन व धन्यवाद करता हूं जिन्होंनें अपना कीमती समय निकाल कर हमारे विद्यार्थियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया तथा इनका उत्साहवर्द्धन करने के लिए हमारे बीच में पधारे हैं।

धन्यवाद

दिनांक
9 मार्च 2020

प्राचार्य
डॉ॰ शिवदयाल